**Fourteenth Loksabha**

**Session : 8**
**Date : 25-07-2006**

**Participants : Patil Adv. Tukaram Ganpatrao Renge**

an>

Title : Need to permit fishery in Jaykewadi lake, Aurangabad, Maharashtra.

**श्री तुकाराम गणपतराव रेंगे पाटील (परभनी)** : अध्यक्ष महोदय, मैं सरकार का ध्यान महाराद्र के औरंगाबाद के पठेन तालुका में जायेकवाडी झील की तरफ दिलाना चाहता हूं जिसमें काफी मात्रा में पानी है और इस क्षेत्र में यह बहुत बडी झील है, परन्तु जिला प्रशासन ने इसमें मछली पालन के कार्य पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा रखा है जबकि महाराद्र की सभी झीलों में मछली पालन हो रहा है और इससे रोजगार भी वहां के स्थानीय लोगों को मिला हुआ है। परन्तु जायेकवाडी झील में मछली पालन में प्रतिबंध लगने के कारण यहां के स्थानीय लोगों को मछली पालन से जो रोजगार मिल सकता है उससे लोग वंचित हैं।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि उपरोक्त झील में मछली पालन के कार्य किये जाने की मंजरी दी जाये जिससे इस क्षेत्र के लोगों को रोजगार मिल सके।